# Udaya Public School, Ayodhya
## SA2 Examination 2022-23
Class IX [Hindi]

Time: 3 hrs M.M.80

नोट– समस्त प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए। 5

प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने की दिशा में मनुष्य पिछले दो–तीन वर्षो के दौरान इतना अधिक बढ चुका है कि उसके लिए अब पीछे हटना असंभव सा लगता है। जिस गति से हम विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक संतुलन बिगाडते रहे हैं, उसमें कोई भी कमी व्यावहारिक नहीं प्रतीत होती, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्थाएँ और दैनिक आवश्यकतॉए उस गति के साथ जुड़ सी गई है। क्या हमे ज्ञान नहीं कि जिसे हम अपना आहार समझ रहें हैं, वह वस्तुतः हमारा दैनिक विष है, जो सामूहिक आत्महत्या की दिशा में हमें लिए जा रहा है जंगलों को ही लो। यह एक प्रकट तथ्य है कि विभिन्न देशो की वन–संपत्ति अत्यंत तीव्र गति से क्षीण होती जा रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों, विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्यों तराई, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर आदि के जंगल बड़ी संख्या में काटे जा रहे हैं, खूब अच्छी तरह यह जानते हुए भी कि जंगलो को काटने का मतलब होगा–भूमि को आरक्षित करना, बाढो को बढ़ावा देना और मौसमों के बदलने में सहायक होना।

क– प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने का कार्य कौन कर रहा है?
1. ईश्वर 2. मनुष्य 3. पशु 4. सभी

ख– निम्न में से वे शब्द ढूँढ़िए, जिनमें 'इक' प्रत्यय लगा है–
1. प्राकृतिक 2. व्यावहारिक 3. दैनिक 4. सभी

ग– जंगलों को काटने का मतलब है–
1. भूमि को आरक्षित करना 2. बाढ़ो को बढ़ावा देना
3. मौसम के बदलने में सहायक बनना 4. सभी

घ– प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है।
1. बाढ़ 2. प्राकृतिक असंतुलन 3. मौसम में बदलाव 4. प्रदूषण

ङ– प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ने की गति में कमी किया जाना व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि–
1. अपनी अर्थव्यवस्था और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हम प्रकृति को नुकसान पहुँचाने को मजबूर हो गए हैं।
2. भाषण से ज्यादा इस दिशा में कुछ नहीं होता
3. मनुष्य लापरवाही बरत रहा है
4. प्राकृतिक स्थितियों का अंत तो हमेशा होता आया है।

2. निम्न पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए– 5

नदी को रास्ता किसने दिखाया?
सिखाया था उसे किसने
कि अपनी भावना के वेग को
उन्मुक्त बहने दे?
कि वह अपने लिए
खुद खोज लेगी
सिंधु की गंभीरता
स्वछंद बहकर?
इसे हम पूछते आए युगों से,
और सुनते भी युगों से आ रहे उत्तर नदी का
"मुझे कोई कभी आया नहीं था राह दिखलाने।
बनाया मार्ग मैंने आप ही अपना।"

क– कविता में वर्णित "अपनी भावना को उन्मुक्त बहने दे" पंक्ति का क्या आशय है?
1. मन के कहे अनुसार न चलना 2. दूसरों की सहायता लेना
3. मन के कहे अनुसार आचरण करना 4. मनोभाव को दबाना

ख– स्वच्छंद नदी अंत में कहॉ जा पहुँचती है?
1. मैदान में 2. पहाड़ो पर 3. झीलों में 4. समुद्र मे

ग– "सिंधु की गंभीरता" का भाव है–
1. समुद्र की शांति 2. सागर की विशालता 4. सागर सरीखी विशाल क्षमताएँ 4. समुद्र का अथाह खारा पानी

घ– "बनाया मार्ग मैंने आप ही अपना" से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम–
1. किसी के सहारे न रहें 2. अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करें
3. गंभीर बनें 4. प्रसन्न रहकर आगे बढ़े

ङ– कविता का उपयुक्त शीर्षक होगा–
1. नदी का प्रवाह 2. वेग 3. रास्ता 4. बहती नदी

3. सही विकल्प चुनिए– 4

क– अपना गृहकार्य ऑनलाइन पूरा करे–
1. विधानवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. आज्ञावाचक 4. संदेहवाचक

ख– आपकी यात्रा मंगलमय हो–
1. विधानवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. इच्छावाचक 4. संदेहवाचक

ग– लगता है आज तेज बारिश होगी।

1. विधानवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. निषेधवाचक 4. संदेहवाचक

घ– यदि आप कहेंगे तभी मैं लिखूँगा।

1. विधानवाचक 2. प्रश्नवाचक 3. संकेतवाचक 4. संदेहवाचक

4. उपसर्ग एवं प्रत्यय बताइए– 4

क– 'कठिनाई' शब्द में कौन सा प्रत्यय है–

1. आई 2. ई 3. नाई 4. कठ

ख– ओढ़नी शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है–

1. ओढ 2. ढनी 3. नी 4. ओ

ग– 'चिरायु' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

1. चि 2. चिर 3. यु 4. आयु

घ– 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

1. वि 2. ज्ञान 3. अन् 4. विज्ञ

5. निम्नलिखित शब्दों में समास के शुद्ध विकल्प चुनिए– 4

क– 'गोबर गणेश'–

1. तत्पुरूष समास 2. अव्ययीभाव 3. द्वंद्व 4. द्विगु समास

ख– 'अंध विश्वास–

1. तत्पुरूष समास 2. कर्मधारय 3. द्वंद्व 4. कोई नहीं

ग– 'हाथोंहाथ'

1. कर्मधारय समास 2. अव्ययीभाव 3. तत्पुरूष 4. सभी

घ– 'त्रिवेणी'

1. द्वंद्व समास 2. द्विगु समास 3. अव्ययीभाव समास 4. सभी

6. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार के सही विकल्प का चयन कीजिए– 4

क– पायो जी मैंने राम–रतन धन पायो।

1. अनुप्रास 2. यमक 3. रूपक 4. उपमा अलंकार

ख– 'काजल की रेखा–सी कतार है खजूर की'

1. उपमा 2. रूपक 3. यमक 4. सभी

ग– तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं।

1. यमक 2. श्लेष 3. रूपक 4. उपमा

घ– 'नभ पर चमचम चपला चमकी'

1. अनुप्रास अलंकार 2. श्लेष 3. यमक 4. उपमा

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्रायः दो सौ वर्षों तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होती ही परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई, तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहन करना पड़ा, जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता था, परिवार में बाबा फारसी और उर्दू जानते थे। पिता जी ने अंग्रेजी पढ़ी थीं।

क– परिवार मे कितने वर्षो तक कोई लड़की नहीं थी?

1. दस वर्ष तक 2. पचास वर्षो तक 3. दो सौ वर्ष तक 4. एक वर्ष

ख– पैदा होते ही लड़कियों को कहाँ भेज देते थे?

1. ब्रजधाम 2. परमधाम 3. बाबधाम 4. देवधाम

ग– बाबा ने किस देवी की पूजा की–

1. कुलदेवी दुर्गा की 2. पार्वती की 3. देवी सती की 4. किसी की नहीं

घ– बाबा कौन सी भाषा जानते थे?

1. हिंदी 2. संस्कृत 3. अंग्रेजी 4. उर्दू, फारसी

ङ– अंग्रेजी भाषा किसने पढ़ी थी?

1. बाबा ने 2. दादी ने 3. पिता ने 4. माता ने

8. निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनें– 2

क– किसकी कीमत हमेशा अधिक रही है–

1. टोपी 2. जूते की 3. शर्ट की 4. घड़ी की

ख– लेखक का अपना जूता कैसा है?

1. उपर से ठीक पर तले से फटा हुआ 2. नया जूता

3. पुराना 4. नहीं है।

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए– 5

क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें<br>
क्या दीमकों ने खा लिया है<br>
सारी रंग बिरंगी किताबों को<br>
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए है सारे खिलौने<br>
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं<br>
सारे मदरसों की इमारते

N

क– सारी गेंदें कहॉ गिर गई हैं?

1. मैंदान में	2. घर में	3. अंतरिक्ष में	4. ऑगन मे

ख– दीमकों ने क्या खा लिया है?

1. किताबों को	2. कपडो को	3. अलमारी को	4. सभी को

ग– खिलौने कहॉ दब गए हैं?

1. काले पहाड़ के नीचे	2. बिस्तर के नीचे	3. घर के पीछे	4. कहीं नहीं

घ– कवि भूकंप में किसके ढहने की बात पूछ रहा है?

1. मदरसे की इमारते	2. स्कूल	3. घर	4. सभी

ङ– 'ढह गई' शब्द का अर्थ है–

1. नष्ट हो गई	2. गायब हो गई	3. दोनों	4. कोई नहीं

10. निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनें– 2

क– कवि को कोयल का स्वर कैसा लग रहा था?

1. मीठा	2. मृदुल	3. अत्यंत वेदनामय	4. खट्टा

ख– जेल में कैदियों के साथ कैसा बर्ताव किया जाता था?

1. बहुत अच्छा	2. बहुत बुरा	3. कभी अच्छा	4. ठीक–ठाक

11. निम्न में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए– 6

क– मिशन स्कूल का वातावरण कैसा था?

ख– बचपन की स्मृतियॉ कैसी होती हैं? पठित पाठ के आलोक में लिखिए।

ग– 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ द्बारा लेखक क्या संदेश देना चाहता है?

घ– प्रेमचंद सहज जीवन में विश्वास रखते थे– सिद्ध कीजिए।

12. निम्न में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए– 6

क– मेघ रुपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?

ख– कविता के आधार पर बादलों की तुलना किससे की गई और क्यों?

ग– कवि ने बच्चों का काम पर जाना भयप्रद क्यों माना है?

घ– बच्चों के काम पर जाने को सवाल की तरह क्यों लिखा जाना चाहिए?

13. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए– 8

क– शंकर जैसे युवक को रीढ़ विहीन क्यों कहा या है? स्पष्ट करें।

ख– एकांकी में मौजूद दोनों पिताओं के गुणों का विश्लेषण कीजिए।

ग– क्या ऐसे एकांकी और नाटकों से समाज पर प्रभाव पड़ेगा?

14. निम्न में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओ के आधार पर अनुच्छेद 120 शब्दों में लिखिए– 6

क– प्रकृति और हम – भूमिका, मनुष्य प्राकृतिक शक्ति का संवाहक, मनुष्य के आनंद का साधन, प्रदूषण, उपसंहार

ख– मेरा प्रिय मित्र– भूमिकाएं, महत्व, विशेषताएँ, उपसंहार

15. निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

16. अपने विद्यालय में नवीनतम खेल सामग्री मॅगवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र।

अथवा

फैशन में समय एवं धन अपव्यय करने वाली छोटी बहन को प्रेरणादायक पत्र लिखिए।

17. "नैतिक शिक्षा" पर आधारित कोई लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

तीन दिवसीय अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को ई–मेल लिखिए।

18. परीक्षा पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 80 शब्दों में लिखिए। 4

अथवा

रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।